# सुविधाएं होने के बाद भी सबसे बड़ा अस्पताल बीमार, मरीज परेशान

## डैमेज कंट्रोल करने में डीन और अधीक्षक फेल, इस्तीफा देने का चल रहा दौर, नहीं थम रहा आक्रोश



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 दिसम्बर, संजय गांधी एवं गांधी मेमोरियल अस्पताल में सब कुछ ठीक ठाक नही चल रहा है. तमाम संसाधन होने के बावजूद अस्पताल खुद बीमार है. दूसरे शब्दो में यह कहे कि यहा की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है. वरिष्ठ चिकित्सक अस्पताल में कम समय देते है लिहाजा जूनियर डाक्टरो के हवाले अस्पताल है. गायनी विभाग में पहले से ही उठा पटक चल रही है.**

लगातार महिला चिकित्सक त्याग पत्र देकर जा रही है. मेडिकल कालेज के डीन और अधीक्षक डैमेज कंट्रोल करने में पूरी तरह से नाकाम है. अगर यही स्थित रही तो आने वाले समय में अस्पताल केवल नाम मात्र का रह जाएगा. उप मुख्यमंत्री के हस्ताक्षेप के बाद भी व्यवस्था सुधरने का नाम नही ले रही है. अस्पताल इस समय राजनीत का अखाड़ा बनता जा रहा है. इस समय अस्पताल में मरीजो की संख्या तेजी से बढ़ रही है. ओपीडी में प्रतिदिन डेढ़ से दो हजार के आसपास मरीज पहुंच रहे है. सैकड़ो भर्ती होते है तो वही सैकड़ो डिस्चार्ज भी होते है. संजय गांधी सबसे बड़ा अस्पताल है जहा रीवा ही नही शहडोल संभाग से भी मरीज उपचार के लिये आते है. लेकिन सुविधाएं न मिलने से हताश होते है. संजय गांधी एवं गांधी मेमोरियल की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा चुकी है. मरीजो को जांच कराने से लेकर वार्ड में भर्ती होने तक भटकना पड़ता है, अधिकांश काम यहा आउटसोर्स कर्मचारियों के हवाले है. वही सब देखते है.

### गायनी विभाग में नहीं थम रहा विवाद

गांधी मेमोरियल अस्पताल के गायनी विभाग में विवाद थमने का नाम नही ले रहा है. अस्पताल से जुड़े सूत्रो की माने तो प्रसूती एवं शस्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डा. बीनू सिंह ने बेहतर व्यवस्था बनाने और कसावट को लेकर जैसे ही शिकंजा कसा तो महिला चिकित्सक त्याग पत्र देना शुरू कर दी. चर्चा है कि डीन की कार्यप्रणाली से अधिकांश चिकित्सक नाराज है और महिला चिकित्सक छोड़ कर जा रही है. अभी डाक्टर शीतल भी अवकाश पर है माना जा रहा है कि वह भी अस्पताल छोड़ सकती है. गांधी मेमोरियल अस्पताल में सब कुछ ठीक ढाक नही चल रहा है. प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के समझाइश के बाद भी मामला थमने का नाम नही ले रहा है. अधीक्षक और डीन डैमेज कंट्रोल करने में पूरी तरह से नाकाम रहे है. आपसी खीचतान में नुकसान मरीजो का हो रहा है. वैसे भी जो चिकित्सक यहा है सभी का फोकस अस्पताल में कम अपने निजी प्रैक्टिस और नर्सिंग होम में ज्यादा रहता है.

# बाहर से आने वाली धान को रोकने बनाए गए चेक पोस्ट, कलेक्टर ने लिया धान उपार्जन का जायजा



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 दिसम्बर, जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से धान का उपार्जन किया जा रहा है. बाहर से आने वाली धान को रोकने के लिये सीमा पर चेक पोस्ट बनाए गए है ताकि बाहर से बाने वाली धान को रोका जा सके. अधिकारी लगातार खरीदी केन्द्रो का निरीक्षण कर रह है.**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने करहिया मण्डी में सेवा सहकारी समिति खैरी क्रमांक एक के उपर्जान केन्द्र का निरीक्षण किया. कलेक्टर ने कहा कि किसानों से निर्धारित सामान्य औसत किस्म का धान ही खरीदें. जो किसान पहले धान लेकर आता है उसकी तौल पहले कराएं. किसानों से किसी भी स्थिति में अतिरिक्त राशि लेने की सूचना मिली तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी. प्रत्येक बोरी में तौल के बाद टैग और एक्सटेंसिल अनिवार्य रूप से लगाकर उसमें किसानों के पंजीयन क्रमांक को दर्ज करें.

किसानों को अधिकतम सात दिनों में उपार्जित धान का भुगतान कराएं. महाप्रबंधक सहकारी बैंक और उप? संचालक कृषि किसानों को समय पर भुगतान की व्यवस्था करें. कलेक्टर ने मण्डी में भण्डारित 28 हजार क्विंटल धान का तत्काल उठाव और परिवहन कराने के निर्देश दिए. मौके पर उपस्थित खरीदी केन्द्र प्रभारी ने बताया कि आज शाम से उपार्जित धान का परिवहन शुरू हो जाएगा. ट्रांसपोर्टर द्वारा इसके लिए 20 ट्रक उपलब्ध कराए गए हैं. निरीक्षण के समय एसडीएम अनुराग तिवारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त

### एसपीएस तिवारी बने दूसरी बार अध्यक्ष



**रीवा,** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार डॉ एस पी एस तिवारी को वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर दूसरी बार मनोनित किया गया हैं. श्री तिवारी को दूसरी बार वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, पूर्व राज्यसभा सदस्य राजमणि पटेल, सेमरिया विधायक अभय मिश्रा, रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव विद्यावती पटेल, कविता पाण्डेय, विमलेन्द्र तिवारी, गुरूमीत सिंह मंगू, प्रदेश सचिव शीला त्यागी, राजेन्द्र मिश्रा, सुखेन्द्र सिंह बन्ना, रामगरीब बनवासी ने हर्ष व्यक्त किया है.

### खनि रियायत संबंधी बैठक 11 को

**रीवा,** खनि रियायत संबंध बैठक 11 दिसम्बर को शाम 4 बजे से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की गई है. बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद वन सीमा से 250 मीटर की परिधि में आने वाली जमीनों में उत्खनन संबंधी प्रस्तावों की समीक्षा करेंगे. संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### कलेक्टर आज करेंगी नगरीय निकाय के कार्यों की समीक्षा

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 5 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में नगरीय निकाय के कार्यों की समीक्षा करेंगी. इसमें नगरीय क्षेत्र के स्वरोजगार प्रकरणों की भी समीक्षा की जाएगी. आयुक्त नगर निगम रीवा, सभी सीएमओ तथा संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### जिला उपार्जन समिति की बैठक आज

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 5 दिसम्बर को शाम 4 बजे से जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की जा रही है. बैठक में धान के उपार्जन, भण्डारण तथा परिवहन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी. जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश ताण्डेकर ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.

### नईबस्ती खैरी में आज लगेगा शिविर

**रीवा,** नगर निगम रीवा में प्रमुख अस्पतालों के साथ-साथ तीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 10 संजीवनी क्लीनिक रोगियों को उपचार सहायता दे रहे हैं. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 5 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं. इनमें चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नईबस्ती खैरी में 5 दिसम्बर को नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाएगा. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी शहरी क्षेत्र इन शिविरों में उपचार की समुचित व्यवस्था करें. स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए आमजनता इन शिविरों का लाभ उठाए.


### कक्षा छठवीं की प्रवेश परीक्षा 13 को

**रीवा,** जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर की कक्षा छठवीं की प्रवेश परीक्षा आगामी 13 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी. विद्यालय के प्राचार्य ने बताया है कि प्रवेश परीक्षा रीवा और मऊगंज के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में 20 केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी. परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड, एक नीला या काला बाल प्वाइंट पेन और राइटिंग पैड लेकर आना अनिवार्य है. अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय की अधिकृत वेबसाइट सीबीएसईआईटीईएमएस डॉट एनआईसी डॉट इन से डाउनलोड कर सकते हैं.

### सात व्यक्तियों को उपचार के लिए राशि मंजूर

**रीवा,** मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से जिले के सात व्यक्तियों को उपचार सहायता राशि मंजूर की गई है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रामबिहारी सिंह निवासी ग्राम जोड़ावरपुर बरहुला, श्री रामबाबू केशरवानी निवासी जवा, श्रीमती शीला पटेल निवासी ग्राम कलवारी, सुरेन्द्र कुमार द्विवेदी निवासी ग्राम महरी को स्वयं के उपचार के लिए 10-10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर की गई है. श्रीमती निर्मला तिवारी निवासी ग्राम बड़गवां को 25 हजार रुपए, श्रीमती वर्षा पाण्डेय निवासी ग्राम कुठिला को 40 हजार रुपए तथा श्रीमती संगीता सिंह लोनिया निवासी खैरहन को 5 हजार रुपए उपचार सहायता के लिए मंजूर किए गए हैं. कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को पीड़ितों के बैंक खाता नम्बर और आधार संख्या की जानकारी उपलब्ध कराकर राशि का तत्काल वितरण कराने के निर्देश दिए हैं.

### प्रो.रामेश्वर प्रसाद की धर्मपत्नी का निधन



**चाकघाट,** चाकघाट नगर के प्रमुख व्यवसायी सुग्रीव प्रसाद गुप्ता की पुत्रवधू प्रो.रामेश्वर प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती शशि गुप्ता का रीवा स्थित निवास स्थान पर निधन हो गया. उनका पार्थिव शरीर चाकघाट लाया गया है. उनका अंतिम संस्कार पांच दिसंबर को तीर्थराज प्रयाग में किया जाएगा.

# क्षेत्रीय संचालक ने किया सीएचसी गोविंदगढ़ का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 दिसम्बर, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ सत्यभामा अवधिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोविंदगढ़ का निरीक्षण किया.**

क्षेत्रीय संचालक ने अस्पताल की ओपीडी, प्रसव केन्द्र, दवा स्टोर और वार्डों का निरीक्षण किया. क्षेत्रीय संचालक ने भर्ती मरीजों से अस्पताल में मिल रही उपचार सहायता के संबंध में जानकारी ली. मौके पर उपस्थित बीएमओ डॉ चौहान तथा अन्य डॉक्टरों को निर्देश देते हुए डॉ अवधिया ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन कराकर उनकी नियमित जाँच सुनिश्चित करें. हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को समय पर उपचार के लिए जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज भेजें. शिशुओं के टीकाकरण के सेशन समय पर जारी करके प्रत्येक शिशु का सम्पूर्ण टीकाकरण कराएं. क्षेत्रीय संचालक ने अस्पताल की साफ-सफाई, दवा वितरण तथा आवश्यक जानकारियों के पोर्टल पर दर्ज करने के संबंध में निर्देश दिए. इसके साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डिहिया और लोही का निरीक्षण किया.

# टोकन वितरण की व्यवस्था ग्राम पंचायत भवन में ही कराएं : प्रतिभा पाल

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने करहिया मण्डी के निरीक्षण के दौरान खाद वितरण केन्द्र का भी जायजा लिया. कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित किसानों से खाद वितरण की व्यवस्थाओं की जानकारी ली. कलेक्टर ने कहा कि जिले में खाद की रैक लगातार प्राप्त हो रही हैं. खाद की कोई कमी नहीं है. किसानों को व्यवस्थित रूप से खाद का वितरण कराएं. प्रत्येक किसान को टोकन देकर ही खाद दें. करहिया मण्डी के स्थान पर टोकन वितरण ग्राम पंचायत भवन करहिया से कराएं. कलेक्टर ने कहा कि किसान की जमीन रीवा जिले में है तो उसे तत्काल टोकन देकर खाद उपलब्ध कराएं. जिन किसानों की जमीनें रीवा जिले में हैं उन्हें जिले के ही वितरण केन्द्रों से खाद दें. कलेक्टर ने एसडीएम तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को खाद वितरण का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए. इस अवसर पर एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, जिला प्रबंधक विपणन संघ शिखा सिंह वर्मा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.




# संजय गांधी अस्पताल की चार लिफ्ट बंद, तीन से चल रहा काम

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 दिसम्बर, श्यामशाह चिकित्सा एवं महाविद्यालय के अधीन संचालित संजय गांधी अस्पताल में मरीजों को वैसे तो अनेकों तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. अस्पताल में 7 लिफ्ट में से 4 बंद है केवल तीन चालू है.**

जानकारी अनुसार संजय गांधी अस्पताल में वार्ड तक लाने और ले जाने के लिए 7 लिफ्ट लगी है लेकिन रख रखाव के चलते वर्तमान में 3 लिफ्ट से ही सेवाएं शुरू है. उसमें 1 लिफ्ट तो अस्पताल स्टाफ के लिए आरक्षित है. मरीजों एवं परिजनों को वार्ड तक लाने और ले जाने के लिए केवल 2 ही लिफ्ट की सेवाएं मिल पा रही हैं जो दिन में किसी पैसेंजर ट्रेन की तरह ओवरलोड रहती है. जबकि संजय गांधी अस्पताल में संभाग भर से मरीजों का आए दिन ताता लगा रहता है. जिसमें कुछ गंभीर रोगी भी शामिल होते हैं, जिन्हें वार्ड तक पहुंचाने स्ट्रेचर मैं पड़े मरीजों को जिन्हें लिफ्ट में जगह ही नहीं मिल पाती. जिन्हें भी कुछ देर तक इंतजार करना पड़ता है जबकि उन्हें इलाज की तुरंत जरूरत होती है. लेकिन 2 लिफ्ट के चालू होने से रोगियों को वार्ड तक पहुंचने में इंतजार करना पड़ता है जबकि अस्पताल में वेडों की संख्या अनुसार 7 लिफ्ट लगवाई गई थी ताकि मरीजों को लाने और ले जाने में समय पर सुविधा मिल सके.

# संयुक्त आयुक्त ने किया खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 दिसम्बर, कमिश्नर कार्यालय के संयुक्त आयुक्त विकास सुदेश मालवीय ने मऊगंज जिले में धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया. संयुक्त आयुक्त ने विकासखण्ड हनुमना के खरीदी केन्द्र हर्दी का निरीक्षण किया.**



खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए छाया, पानी और अलाव की व्यवस्था की गई है. खरीदी केन्द्र में पर्याप्त संख्या में बारदाने उपलब्ध हैं. खरीदी केन्द्र प्रभारी को अब तक उपार्जित धान का तत्काल उठाव कराकर गोदाम में सुरक्षित भण्डारण कराने के निर्देश दिए गए. गोदामों में धान पहुंचने के बाद ही किसान को धान की राशि मंजूर होगी. खरीदी केन्द्र में धान का उपार्जन व्यवस्थित रूप से किया जा रहा है.

# सर्वेक्षण कार्य का कार्य होगा 13 तक

**रीवा, 4 दिसम्बर,** राज्य शासन द्वारा जारी पत्र के अनुसार मध्यप्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में भूमिहीन पात्र हितग्राहियों को आवासीय पट्टा प्रदान किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है. निर्धारित कार्यक्रमानुसार भूमिहीन आवेदकों के सर्वेक्षण कार्य की अंतिम तिथि 13 दिसंबर 2025 निर्धारित है, इस हेतु नियत तिथि के अन्तिम कुछ दिन शेष बचे है. अत: इच्छुक भूमिहीन हितग्राही अपन वार्ड प्रभारी से संपर्क कर निर्धारित प्रारूप में आवेदन इसी तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा कर सकते है.

# जिले के 35 सरकारी विद्यालयों की भूमि पर अतिक्रमण

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 दिसम्बर, रीवा एवं मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालयों की भूमि पर अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है. विभाग सहित राजस्व विभाग चुप्पी साधे बैठे है.**

वर्ष 2020 में विद्यालयों की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को लेकर मामला विधानसभा में भी गूंजा था,उसके बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नही की गई. जिले में 130 हाईस्कूल व 116 हायर सेकेण्डरी मिलाकर 246 सरकारी विद्यालय हैं. इनमें से करीब 35 विद्यालयों की भूमि पर बेजा अतिक्रमण है. इतने अतिक्रमण का उक्त रिकार्ड स्वयं शिक्षा विभाग के पास है, जबकि वास्तव में इससे भी ज्यादा विद्यालयों की भूमि पर अतिक्रमण होने की आशंका है. शासन-प्रशासन व विद्यालय प्रबंधनों की लापरवाही के कारण यह अतिक्रमण निरंतर बढ़ रहा है. आयुक्त लोक शिक्षण ने विगत जनवरी 2022 को एक पत्र जारी किया था. उक्त पत्र में कलेक्टर को सभी सरकारी विद्यालयों की भूमि से अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया था अब मप्र शासन और आयुक्त लोक शिक्षण के उक्त निर्देश को भी जिला प्रशासन व राजस्व अमला पिछले तीन वर्ष से धता बताकर बैठा है, लिहाजा इन मामलों में अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई. अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है.

**विधानसभा में भी उठा था मामला**-वर्ष 2020 में सरकारी विद्यालयों की भूमि पर अतिक्रमण का मामला विधानसभा में भी उठा था. तब कलेक्टर ने तहसीलदार व अनुविभागीय अधिकारियों को सभी सरकारी विद्यालयों की भूमि का सीमांकन कराने के निर्देश दिए थे वक्त के साथ फाइल भी ठंडे बस्ते में दफन हो गई.

# एथलेटिक्स पुरुष में यूटीडी, महिला में जीडीसी सतना चैंपियन

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 दिसम्बर, उच्च शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन एपीएसयू स्टेडियम में यूटीडी के आयोजकत्व मे किया गया.**



दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगता का समापन गुरुवार को किया गया. संभाग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता में एथलेक्टिस पुरुष वर्ग में ओवरऑल चैंपियन का खिताब मेजबान यूटीडी को मिला, वहीं उपविजेता रामपुर नैकिन कॉलेज सीधी की टीम रही. वहीं महिला वर्ग में विजेता का खिताब जीडीसी सतना के नाम रहा व उपविजेता मॉडल साइंस कॉलेज की टीम रही. समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ.सुरेन्द्र सिंह परिहार मौजूद रहे, उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों सहित खिलाडियों को पुरुस्कृत किया. उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत एक हिस्सा है लेकिन हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए और हमेशा और मेहनत करके अपने खेल को और बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए. विजेता टीम को शुभकामनाएं दी. अध्यक्षता कर रहे विवि शरीरिक शिक्षा विभाग के संचालक डॉ.रामभूषण मिश्रा द्वारा समापन पर आए सभी अतिथियों का स्वागत किया गया व विजेता व उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं दी गई. वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. हबीब खान, डॉ.राजेश भारती, डॉ. रावेन्द्र सिंह, डॉ.विजय सिंह, डॉ. शिल्पा शर्मा, डॉ.सुनीता सिंह, डॉ.उपेन्द्र द्विवेदी मौजूद रहे.

# जिले में गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन शत-प्रतिशत पूरा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 दिसम्बर, रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरा हो गया है. निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रक डिजिटाइजेशन की समय सीमा 11 दिसम्बर तक बढ़ा दी गई है.**

जिले में 4 दिसम्बर को शाम 4 बजे तक 1390667 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं. जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1390667 है. इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र सिरमौर, सेमरिया, गुढ़, त्योंथर तथा मनगवां में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है. रीवा विधानसभा क्षेत्र में केवल 25 मैप्ड मतदाता शेष हैं. रीवा विधानसभा क्षेत्र का डिजिटाइजेशन भी लगभग पूरा हो गया है. कलेक्टर ने गणना पत्रक डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा होने पर सभी एसडीएम, तहसीलदार, बीएलओ, पटवारी एवं सभी का आभार जताया है.

# दुग्ध उत्पादन से जुड़ी योजनाओं से 29 प्रकरण मंजूर

**रीवा, 4 दिसम्बर,** शासन द्वारा दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रयास किए जा रहे हैं. पशुपालन विभाग की दुग्ध उत्पादन से जुड़ी तीन योजनाओं के माध्यम से 29 प्रकरण विभिन्न बैंकों द्वारा मंजूर किए गए हैं. इस संबंध में उप संचालक पशुपालन डॉ डीपी सिंह ने बताया कि आचार्य विद्यासागर डेयरी योजना से 89 प्रकरण बैंकों को भेजे गए हैं.

# न्यूनतम तापमान स्थिर, अधिकतम तापमान में आई गिरावट

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 4 दिसम्बर, ठंड से राहत मिलने के बाद अब एक बार फिर कड़ाके की ठंड अपना असर दिखाएगी. शनिवार से शीत लहर चलने के साथ गलन भरी ठंड बढ़ने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है.**



पिछले तीन दिन से न्यूनतम तापमान जहा स्थिर है वही दिन के अधिकतम तापमान में दो डिग्री गिरावट आई है. 26 से घटकर सीधे 24 डिग्री दिन का तापमान पहुंच गया है. जिसके चलते धूप होने के बावजूद दिन में ठंड का असर रहा. गौरतलब है कि पिछले तीन दिन से ठंड का असर कम है, न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री रहा. कई दिन से तापमान स्थिर है लेकिन दिन के अधिकतम तापमान में आई गिरावट ने ठंड बढ़ा दी है. रात में पहले जैसी गलन भरी ठंड नही है लेकिन उत्तर भारत में बर्फबारी होगी, जिसके बाद शनिवार से गलन भरी ठंड बढ़ने की उम्मीद है. मौसम विभाग ने भी गलन भरी ठंड और कोहरा की चेतावनी दी है.

रीवा सहित समूचे विंध्य में कड़ाके की ठंड पड़ेगी. नगर निगम द्वारा अलाव की व्यवस्था सार्वजनिक स्थानो पर की गई है और रात में खुले आसमान के नीचे रहने वाले लोगो को आश्रय स्थल तक पहुंचाया जा रहा है. शहर में दो आश्रय स्थल बनाए गये है. जहा लोग रह रहे है.